उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 01.09.2023

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना चरखारी की पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 01.09.2023 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री उमेश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी चरखारी, जनपद महोबा के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री गणेश कुमार द्वारा गठित टीम के उ.नि. राजकुमार यादव द्वारा मु0अ0सं0 282/21 मु0नं0 279/22 धारा 354/506 भादवि से सम्बन्धित 01 नफर वारण्टी मिलन पुत्र करतार सिंह निवासी बगरौन थाना चरखारी जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद गिरफ्तारी अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ .नि.राजकुमार यादव

2. हे राधेश्याम 0का0थाना चरखारी जनपद महोबा

गिरफ्तार अभियुक्त-

मिलन पुत्र करतार सिंह निवासी बगरौन थाना चरखारी जनपद महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा साप्ताहिक अर्दली रुम कर अधीनस्थों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देशः-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा आज दिनांक 01.09.2023 को पुलिस लाइन महोबा का भ्रमण कर पुलिस लाइन में बन रहे पुलिस परिवार के कल्याणार्थ सुविधा स्टोर (राशन शॉप) का स्थलीय निरीक्षक किया गया एवं पुलिस परिवारीजनों को प्रदान की जाने वाले विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात पुलिस लाइन अवस्थित विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर शाखाओं में साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन किया गया, साफ-सफाई की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त कर सम्बन्धित को उच्चकोटि की सफाई बनाये रखने के सख्त निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा साप्ताहिक अर्दली रुम किया गया जिसमें सभी गार्द कमांडरों के साथ पुलिस लाइन अवस्थित समस्त शाखाओं/गार्दों के रजिस्टरों/अभिलेखों का अवलोकन कर अभिलेखों को अद्यावधिक किये जाने के निर्देश दिये गये साथ ही ड्यूटी के दौरान लापरवाही किये जाने वाले सम्बन्धित पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम कर उनको सख्त हिदायत दी गयी तथा ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस दौरान श्री शिवकुमार, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन महोबा, श्री राधेश्याम वर्मा- पीआरओ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधि./कर्म. मौजूद रहे।

थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 01.09.2023 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी नगर, जनपद महोबा के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के उ0नि0 सत्यपाल सिंह द्वारा तलाश वाँछित/वारण्टी, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान 01 नफर अभियुक्त हलकुट्टा पुत्र किलकोटी कुशवाहा उम्र करीब 32 वर्ष निवासी पसवारा थाना कोतवाली नगर महोबा को सम्बन्धित माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा के द्वारा जारी सीपीएन 603888/12 धारा 323/504/506 भादवि. में गैरजमानतीय वारण्ट मय धारा 82 सीआरपीसी नोटिस के आधार पर ग्राम पसवारा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया तथा बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त व अपराधिक विवरणः-

अभियुक्त हलकुट्टा पुत्र किलकोटी कुशवाहा उम्र करीब 32 वर्ष निवासी पसवारा थाना कोतवाली नगर महोबा

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 सत्यपाल सिंह प्रभारी चौकी पसवारा थाना कोतवाली नगर महोबा
2. कां0 राजकुमार

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 01.09.2023

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति-वस्तु व वाहनों की, की गयी सघन चेकिंग,पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आगामी त्यौहार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी/चेहल्लुम के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा/शान्ति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु आज दिनांक 01.09.2023 को जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन फ्लैग मार्च/पैदल गश्त की जा रही है ।

पैदल गश्त के दौरान जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों/ कस्बों/ बस अड्डा/ सार्वजनिक स्थानों/ प्रमुख चौराहों/ प्रमुख बाजारों/ मन्दिर/ शापिंग मॉल/ प्रमुख मार्गो व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग कर आवश्यक हिदायत दी गयी।जनपद महोबा पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।यातायात नियमों के उल्लंघन में 61 वाहनों के ई-चालान किये गये।

महोबा पुलिस